एफ.सं.ए-12034/02/2016-ईपीआई

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: अप्रैल, 2016

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय: स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत बीसीजी वैक्सीन प्रयोगशाला, गिण्डी, चेन्नई में प्रशासनिक अधिकारी के एक पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने के संबंध में।

बीसीजी वैक्सीन प्रयोगशाला, गिण्डी, चेन्नई में वेतन बैंड-2, वेतनमान 9300-34800 रु.+ 4800 रु. ग्रेड वेतन में प्रशासनिक अधिकारी के सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'ख' राजपत्रित (अनुसचिवीय) के एक पद पर प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। केवल उन्हीं अधिकारियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जो विहित प्रपत्र (अनुलग्नक'।) में दो प्रतियों में उचित माध्यम से प्राप्त होंगे। इस पद को केंद्र सरकार/राज्य सरकार के निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाले अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के द्वारा भरा जाएगा :-

(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों, अथवा

(ii) वेतन बैंड-2, वेतनमान 9300-34800 रु.+4200 रु. ग्रेड वेतन वाले अथवा समकक्ष पदों पर पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो।

और

(ख) प्रशासन, लेखा और संस्थापन संबंधी मामलों का अनुभव रखते हों।

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. चयनित अधिकारियों के वतन एवं भत्ते और अन्य शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित कार्यालय ज्ञापन सं.6/8/2009-स्थापना(वेतन-।।) दिनांक 17.6.2010 के अनुसार विनियमित किए जाएंगे।

4. पद के लिए इच्छुक एवं पात्र उपयुक्त अधिकारियों, जिन्हें चुन लिए जाने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, के विधिवत् सत्यापित आवेदनों को विहित प्रपत्र (अनुलग्नक-।)

अनुलग्नक-I

विषय:स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) के तहत बीसीजी वैक्सीन प्रयोगशाला, गिण्डी, चेन्नई में प्रशासनिक अधिकारी

वेतनमान: 9300-34800 रु.+ 4800 रु. ग्रेड वेतन

पात्रता: केंद्र सरकार/राज्य सरकार के वे अधिकारी जो सदृश पद धारण किए हुए हों, अथवा जिन्होंने वेतन बैंड-2, वेतनमान 9300-34800 रु.+4200 रु. ग्रेड वेतन में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो और जो प्रशासन, लेखा और संस्थापन संबंधी मामलों का अनुभव रखते हों।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)

मंत्रालय/विभाग....................

1. नाम
2. जन्म-तिथि
3. वर्तमान में धारित पद और यह संवर्ग पद है अथवा संवर्ग इतर पद
4. वर्तमान वेतन और वेतनमान
5. शैक्षिक एवं अन्य विशेष अर्हता, यदि कोई हो
6. सेवा संबंधी संक्षिप्त विवरण

धारित पद का पदनाम	वेतनमान और ग्रेड वेतन	अंतिम आहरित वेतन	अवधि (से-तक)

7. प्रशासन, लेखा और संस्थापन संबंधी मामलों का अनुभव
8. संवर्ग इतर पद से वापस आने की तारीख, यदि कोई हो
9. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हैं

दिनांक:

स्थान:

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

में, इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को उचित माध्यम से अग्रेषित किया जाए, जिसके साथ पिछले 5 वर्ष के एसीआर डोजियर, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र, सतर्कता निकासी और अधिकारी पर यदि कोई छोटा-बड़ा दंड लगाया गया हो तो उनका ब्यौरा देने वाला विवरण आदि संलग्न किया जाए।

5. पद के लिए एक बार चुन लिए जाने वाले अभ्यर्थी को किसी भी परिस्थिति में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं होगी। अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय

(अमित चौबे)
उप निदेशक (एएंडवी)

सेवा में

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय
2. संघ लोक सेवा आयोग, धैलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110011
3. स्वास्थ्य मंत्रालय/स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधीनस्थ कार्यालय
4. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अनुभाग/प्रकोष्ठ
5. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव
6. एनआईसी को इस कार्यालय ज्ञापन को स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
7. निदेशक, सीआरआई, कसौली (हिमाचल प्रदेश)
8. निदेशक, बीसीजीवीएल, चेन्नई को इस अनुरोध के साथ कि वे पद को विज्ञापन अग्रणी समाचार-पत्रों में दें।